हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

07 मोहल्ला नेहरू नगर में चला विशेष साफ-सफाई...



08 सलाई ग्राम में बढ़ते देह व्यापार से आक्रोशित ...



### 9.250 किलो केटामाइन, 06 ग्राम एम.डी. ड्रग्स, 35 लीटर रसायन व लैब उपकरण जब्त

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, 5.8 करोड़ से अधिक का मश्रुका जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

**मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।**



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, उज्जैन जोन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन, उज्जैन रेंज के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मोतीलाल कुशवाह के मार्गदर्शन तथा थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशि उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 13:50 बजे से 16:50 बजे के बीच थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गणेश गौशाला, आगर-बड़ौद रोड पर खड़ी आर्टिगा एवं इग्निस कार में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ रखा गया है।

सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आर्टिगा कार चालक राहुल आँजना मौके से भाग निकला, जबकि ईश्वर मालवीय एवं दौलत सिंह आँजना को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ एवं रसायन को विधिवत जप्त करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 450/2025 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ- केटामाइन 9.250 किलोग्राम, अमोनियम क्लोराइड पाउडर 12.100 किलोग्राम व आइसोप्रोपाइल अल्कोहल 35 लीटर, एम.डी. ड्रग्स 6 ग्राम जब्त की गई। वहीं वाटर बाथ, इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट स्केल, मैग्नेटिक स्ट्रर विथ हॉट प्लेट,वैक्यूम ओवन, वैक्यूम पंप परखनली, फ्लास्क, जार, शीशे के बर्तन,ग्राम पंचायत थडौदा की सील व 4 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ के क्रय विक्रय, अवैध परिवहन एवं अन्य तथ्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। अन्य जानकारी और बड़े खुलासे की संभावना है। मामले में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि यह जब्ती जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। आगर मालवा पुलिस द्वारा नशे के कारोबार और तस्करी की जड़ों को खत्म करने हेतु सतत एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने इस सराहनीय कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशि उपाध्याय, उनि संजय गुनेरा, उनि सचिन धाकड़, सउनि अजय जाट, प्रधान आरक्षक सुनील पटेल, मानवेन्द्र गुर्जर, बाबू बेबरिया, गिरजाशंकर त्रिपाठी, आरक्षक दीपक सोलंकी, सुनील नागर , राजेश दांगी की भूमिका रही।

### 85 लोग लाभान्वित, 22 लाख से अधिक वसूली

## नेशनल लोक अदालत में 44 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से कराया



**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर अमर शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के आदेश एवं दिशा निर्देशानुसार 13 सितंबर को वरिष्ठ न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नितिन सोनी द्वारा व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में 44 मामलों का निराकरण किया गया, जिससे 85 लोग लाभान्वित हुए तथा 22,89,797 रुपए की वसूली की गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण सहित समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पक्षकारों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने हेतु प्रेरित करते हुए पौधों का वितरण भी किया गया।




## आचार्य विमल सागर के 110वीं जयंती पर शिक्षक वर्ग संगोष्ठी कार्यक्रम आज



**नलखेड़ा।** नगर में विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज साहब की प्रेरणा से आचार्य विमल सागरजी के 110 वीं जयंती पर अहिंसा, व्यसन - मुक्ति, शाकाहार, मोबाइल दुष्परिणाम एवं टूटते परिवार विषयों के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शिक्षक वर्ग संगोष्ठि का आयोजन त्यागी भवन में रखा गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक वर्ग के साथ बुद्धिजीवी तथा गणमान्य नागरिक व समाजजन भाग लेंगे। दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराजजी की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में रविवार 14 सितंबर को स्थानीय चौक बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर के समीप त्यागी भवन में दोपहर 1 बजे से प.पू. आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज साहब की प्रेरणा से 40 वर्षों से आयोजित अहिंसा, व्यसन - मुक्ति, शाकाहार, मोबाइल दुष्परिणाम एवं टूटते परिवार विषयों के साथ स्वच्छता अभियान 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक वर्ग संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में मुनि श्री विभिन्न विषयों पर अपने सार गर्भित प्रवचन के माध्यम से सभी को नई दिशा प्रदान करेंगे। संगोष्ठी के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक वर्ग के साथ प्रबुद्ध जन व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## उत्कृष्ट स्कूल के छात्रों का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**नलखेड़ा।** देवास में गत दिवस संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिनमे से तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र विवेक सोनी, अंशुल बालोदिया एवं नारायण यादव का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। राज्य स्तर के लिए चयन पर खिलाड़ियों का प्राचार्य ओम प्रकाश बंसिया, विकासखंड खेल प्रभारी महेश पाटीदार, खेल शिक्षक जितेंद्र यादव आदि द्वारा स्वागत कर बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

## सह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

राष्ट्रीय कृमि दिवस का आयोजन 23 सितम्बर को होने जा रहा है। इसके लिए नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया गया। अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान सह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत 1 से 19 वर्ष तक की आयु के बालक बालिकाओं तथा 20 से 49 वर्ष तक की प्रजनन कालीन महिलाओं को समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय स्कूल, शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूल मदरसे, केंद्रीय स्कूल समस्त अशासकीय शालाओं में कृमि नाशन की गोली का सेवन नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम के द्वारा करवाया जाएगा। उक्त संबंध में समस्त सेक्टर सुपरवाइजार सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजार, आंगनबाडी कार्यकर्ता, नोडल शिक्षक के प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव के निर्देशन मे सिविल अस्पताल नलखेड़ा मे किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जितेंद्र कुमार जैन खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया कि प्रदेश मे 6 माह से 5 वर्ष तक के 73 प्रतिशत बच्चे, 15 से 19 वर्ष की महिलाओं मे 58 प्रतिशत एवं 15 से 49 वर्ष की 53 प्रतिशत महिलाये एनीमिया से ग्रसित है। एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आयरन अनुपुरण से बच्चों की सिखने की क्षमता बढ़ेगी, बोद्धिक क्षमता का विकास होगा, पढ़ाई मे ध्यान केंद्रित होगा, स्मरण शक्ति बढ़ेगी, बच्चों की आयु के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक विकास होगा, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी एवं संक्रमण से बचाव होगा, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु मे कमी आयेगी। ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइज़र अनुराधा परमार द्वारा कृमि मुक्ति के लाभ के बारे मे बताया कि कृमि मुक्ति की गोली का सेवन करवाने से समुदाय मे कृमि की व्यापकता, रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि, स्वास्थ्य ओर पोषण में सुधार, एनीमिया का नियंत्रण, सिखने की क्षमता ओर कक्षा मे उपस्थिथि मे सुधार, व्यस्क होने पर काम करने की क्षमता ओर आय मे बढ़ोतरी होंगी। खण्ड विस्तार प्रशिक्षक सीएल अहिरवार द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का प्रचार प्रसार अभिभावकों तक करने के बारे मे समझाया उनके द्वारा पेरेंट्स मीटिंग तथा सोशल मिडिया पर गतिविधि के बारे मे प्रचार प्रसार के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को समझाया। प्रशिक्षण के दौरान एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाडी कार्यकर्ता को चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज चौहान द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## राज्य सेवा परीक्षा पास कर नीरव फाफरिया बने वित्त विभाग के सहायक संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा





नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं निजी स्कूल संचालक संजय फाफरिया तथा बीआरसीसी चंदनबाला फाफरिया के पुत्र नीरव फाफरिया ने मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर वित्त विभाग के सहायक संचालक बनने का गौरव प्राप्त कर परिवार व नगर को गौरवांवित किया है। एमपी पीएससी की राज्य सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम शुक्रवार देर शाम घोषित किए गए जिसे नगर के नीरव फाफरिया उत्तीर्ण कर वित्त विभाग के सहायक संचालक बने हैं। नीरव फाफरिया नगर के प्रथम युवक है जो वित्त विभाग के सहायक संचालक बने हैं। नीरव की इस सफलता से परिवार व नगर गौरवांवित हुआ है। उनकी इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों इष्टमित्रों द्वारा उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### आचार्य विमल सागर की 110वीं जयंती मनाई गई

# जीवन में पुण्य संचय होता है तो महा मानव जन्म लेता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

जीवन में पुण्य का संचय होता है, तो विमल सागरजी जैसा महा मानव जन्म लेता है। जिस समय गांधीजी ने नमक आंदोलन चलाया था। उस समय गृहस्थ आश्रम के विमल सागरजी ने गांधीजी को 18 प्रकार के नमक भेंट किए थे। जगत में आप जैन बाबा के नाम से सुविख्यात थे। आपके त्याग व पुण्य से राख भी औषधि बन गई थी। दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज की पावन प्रेरणा व निश्रा में जैन समाजजनों द्वारा शनिवार को महान दिगंबर जैन आचार्य विमल सागर म.सा. की 110 वीं जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन सुखानंदजी भिंड वाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा में मुनि विश्व नायक सागर म. सा. द्वारा आचार्यश्री विमल सागर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उक्त बात समाज जनों के समक्ष कही गई।



मुनिश्री ने कहाकि आचार्य विमल सागरजी का जन्म कोसमा उ.प्र. मैं हुआ था। जन्म से ही माता का निधन हो गया। भुआ ने पालन किया। माता के गर्भ के संस्कार आप पर पड़े। प्रारंभिक शिक्षा ग्राम में ही हुई। अंग्रेज शासन में उस समय गांधीजी ने नमक सत्याग्रह आंदोलन चलाया था। उस समय गृहस्थ आश्रम के विमल सागरजी ने गांधीजी को 18 प्रकार के नमक भेंट किए थे। उन्होंने बताया कि आप पंडित के रूप में भी विधान पूजन का कार्य कराते थे। अपना भोजन स्वयं बनाते थे। ग्राम में सभी का सहयोग औषधि आदि से सहयोग करते थे। आपके त्याग व पुण्य से राख भी औषधि बन गई थी। उनके जीवन में कहीं ऐसी घटनाएं भी हुई जिसमें देव लोग उनकी सहायता करने आए थे। सोनागिरी में आपकी मुनि दीक्षा हुई। पहला चातुर्मास गुना में हुआ। उस समय एक किसान की भैंसे गुम हो गई। किसान मंदिर के बाहर आकर खड़ा हो जाता है। महाराज की दृष्टि उस किसान पर पड़ती है। विमल सागर जी किसान से कहते हैं तेरी भैंसे गुम हो गई क्या। जा उस तालाब में तेरी भैंसे हैं। इस प्रकार की सिद्धि आपको प्राप्त थी। आप जैन बाबा के नाम से सुविख्यात थे।



इस अवसर पर मुनि विवर्धन सागर म.सा. ने आचार्यश्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाकि आचार्य श्री महान संत थे। पुण्यशाली जीव के मोक्ष मार्ग पर बढ़ने के अवसर आते हैं। आचार्य विमल सागर जी भी ऐसे ही भव्य जीव थे। उस समय आचार्य श्री का संघ बड़े संघों में माना जाता था। विमल सागरजी ने सन्मति सागरजी को क्षुल्लक दीक्षा दी थी। आचार्य श्री कचनेर दर्शन हेतु जाते हैं। उसी समय आचार्य विमल सागरजी ने विराग सागरजी से कहा था कि आपकी दीक्षा यहीं कचनेर में होगी। इस प्रकार आप निमित्त ज्ञानी भी थे। उस समय आचार्य विराग सागरजी क्षुल्लक दीक्षा में थे। आ. सन्मति सागरजी उस समय बहुत दूरी पर थे। इसीलिए आचार्य विराग सागरजी की दीक्षा आचार्य विमल सागर द्वारा औरंगाबाद में हुई। उस समय आचार्य विमल सागर जी ने घोषणा की थी कि मैं आज जिस विराग सागरजी को दीक्षा दी वह भविष्य में अनेकों लोगों को दीक्षा देकर धर्म की प्रभावना करेंगे। विमलसागर का विहार जंगल में चल रहा था। जंगली जानवर भी उस समय जंगल में बहुत थे। लोगों ने चिंता व्यक्त की आचार्य श्री ने एक रेखा खींच दी और लोगों से कहाकि रात में कभी भी कोई व्यक्ति इस रेखा से बाहर न जावे। रात्रि में एक शेर आया लेकिन आचार्य श्री के द्वारा खींची गई रेखा को शेर पार नहीं कर सका। इस प्रकार की आपकी साधना थी। मुनिश्री ने बताया कि ध्यान के समय आचार्य विमल सागरजी अपने शरीर पर ही सम्मेद शिखर जी की 24 टोंको का ध्यान कर लेते थे। शीतकाल में एक बार ध्यान करते समय उनके चेहरे पर पसीने की बूंदे आ रही थी ऐसी कठोर आपकी साधना थी। आपका वात्सल्य भी बहुत अधिक था आचार्य होते हुए भी विमल सागरजी अपने शिष्यों की अगवानी करने स्वयं जाते थे। आचार्य श्री कहते थे कि साधु भी परमेष्ठी के रूप होते हैं। आपकी महानता के कारण ही अनेक रिद्धि-सिद्धि आपके आगे पीछे चलती थी।

## खबर संक्षेप

### चापड़ा पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



**चापडा।** पुलिस विभाग द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष यातायात जागरूकता अभियान अंतर्गत लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर के मार्गदर्शन में पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी राकेश नरवरिया द्वारा शनिवार को चापड़ा चौराहे पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन चालकों को हिदायत दी गई। वही वाहनों के कागजों में कमी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि शनिवार के दिन कार्रवाई करते हुए 16 चालान बनाए गए, जिसमें 8800 का शमन शुल्क वसूला गया। उक्त कार्रवाई विगत तीन दिनों से लगातार की जा रही है। साथ ही लोगों को हिदायत दी जा रही है की यातायात नियमों का पालन किया जाए। इस दौरान पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### संगोष्ठी आज, इंदौर महापौर पुष्यमित्र होंगे मुख्य वक्ता



**देवास।** विकसित भारत के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव आवश्यक है। अनुमान के अनुसार सन 2034 के आम चुनाव तक इस योजना के लागू होने की तैयारी है। इस विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रबुद्ध जन संगोष्ठी रविवार को सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा होटल रामाश्रय पैराडाइज, विकासनगर में आयोजित की जा रही है। गौरतलब है कि देश में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को सन 2024 में जारी किया गया था। इस रिपोर्ट ने एक साथ चुनाव के दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान की है। रिपोर्ट की सिफारिशों को चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भी स्वीकार किया जा चुका है। एक देश एक चुनाव के समर्थन करने वाले मानते है कि इस प्रणाली से प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा साथ ही चुनावी खर्च को कम किया जा सकता है। शासन को सुव्यवस्थित करने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को उसके अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। भारत में लोकतांत्रिक ढांचा अपनी जीवंत चुनावी प्रक्रिया के आधार पर ही फल फूल रहा है ओर जनता को हर स्तर पर सरकार को सक्रिय रूप से आकार देने में सक्षम बनाता है। इसके प्रति प्रबुद्ध जनों से लेकर जन सामान्य तक की रुचि जागृत हुई है। इस प्रकार के अनेक सारगर्भित विचारों को जन सामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज शाम 4 बजे से रामाश्रय पैराडाइज में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर प्रबुद्ध जन संगोष्ठी रखी गई है । संगोष्ठी में मुख्य वक्ता इंदौर के महापौर एवं एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रदेश सह संयोजक पुष्य मित्र भार्गव होंगे। संगोष्ठी के आयोजक लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी करेंगे। उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया प्रमुख शेखर कौशल ने दी।

### जिला विधिक सहायता ने रचा इतिहास, आयोजित नेशनल लोक अदालत में 1307 लंबित प्रकरणों का निराकरण

# नेशनल लोक अदालत त्यौहार जिसमें प्रकरणों का निराकरण कराकर सभी प्रसन्न होते हैं: प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र





**जिले में गठित 40 न्यायिक खंडपीठों में न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में आपराधिक प्रकरण 503 ,मोटर दुर्घटना के 67, चैक बाउन्स 268, फैमेली मेटर्स 48, विद्युत के 207, श्रम के 10, विविध के 172, सिविल के 29, मनी रिकवरी के 3, कुल 1307, प्रकरण हुए निराकृत**


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर इस वर्ष की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत का एकमात्र दिन ऐसा होता जिस दिन न्यायाधीश एवं दोनों पक्षकारों के अधिवक्ता एक मन से यही चाहते है कि पक्षकारों में समझौता हो और उभयपक्ष खुशी-खुशी घर जाएं। साथ ही उन्होंने न्यायिक अधिकारीगण और अभिवक्तागण को अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा कराने के लिए प्रेरित किया। नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआईएक्ट, चैक बाउन्सर, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल आदि विषयक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय देवास एवं तहसील स्तर पर सोनकच्छ, कन्नीद खातेगांव, टोंकखुर्द एवं बागली में 40 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहित श्रीवास्तव द्वारा विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल, बीमा कंपनी के स्टॉल पर जाकर तथा खंडपीठों का भ्रमण कर समस्त संबंधित अधिकारीगण को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया। राजीनामा करने वाले पक्षकारगण को स्मृति स्वरूप फलदार और फूलों के पौधे भेंट किये गये एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम में वंदना जैन प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, विकास शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश चतुर्थ अति. जिला न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल द्वितीय जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार सारणी द्वितीय जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य न्यायाधीशगण नीलेन्द्र कुमार तिवारी, दीक्षा मौर्य, कुंवर युवराज सिंह, निकिता वाष्र्णेय पांडे, प्रियांशु पांडे, रश्मि अभिजीत मरावी, किरण सिंह, सौरभ जैन, चंद्रा पवार, सुभाष चैधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, पंकज पंड्या उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ, अतुल पंड्या सचिव अधिवक्ता संघ, नगर निगम, विद्युत कंपनी एवं बैंक के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसेल स्टॉफ, लोक अभियोजन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में बिखरता हुआ परिवार टूटने से बचा



महिला प्रार्थी ने लगभग दो महीने पूर्व अपने पति के विरुद्ध पारिवारिक न्यायालय में याचिका लगाई थी, प्रकरण संबंधित न्यायालय में चल रहा था। इस दौरान प्रकरण को नेशनल लोक अदालत में भेजा जाना उचित समझा गया, जिस पर समझाइश के दौरान पति पत्नी एक दूसरे के साथ रहने पर सहमत हुए और पत्नी ने अपनी याचिका न्यायालय से वापस ले ली। इस प्रकार इस प्रकार इस मामले में लगभग ढाई महीने से अलग रह रहे पति पत्नी फिर से एक साथ जीवन यापन करेंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से दोनों पक्षों के मध्य विवाद का अंत हुआ। न्यायालय में दोनों पक्षों को माला पहनाकर घर भेजा गया। इस प्रकार लोक अदालत बिखरते परिवार का सहारा बनी और पति पत्नी के बीच रिश्ते टूटने से बच गए। मामले में दोनों ही पक्षकारों के वकीलों ने टूटते परिवार को एकजुट करने में सकारात्मक भूमिका निभाई। प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सहायता अजय प्रकाश मिश्र ने द्विवेदी दंपति को पुरानी बातों को भूल जीवन में आगे बढ़ने की समझाइश दी। जिला विधिक सहायता सचिव रोहित श्रीवास्तव ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बीते एक महीने से दोनों पक्ष और उनके वकीलों से चर्चा जारी रखी और मामले को लोक अदालत में निपटान हेतु मार्गदर्शित किया। पत्नी प्रीति द्विवेदी ने बताया कि हम लोगों की शादी 2008 में हुई थी। हम 17 वर्षों से एक साथ रह रहे थे। पिछले ढाई महीनों से पारिवारिक विवादों कें चलते हम अलग रह रहे थे। हमारे केस में जज साहिबा किरण सिंह ने हमें काउंसिलिंग की सलाह दी। काउंसिलिंग के बाद हमने फील किया कि हम गलत दिशा में जा रहे है। लोक अदालत में हमने निर्णय लेकर अपने बच्चों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। में एडवोकेट रघुवीर यार्दी, लोकेंद्र सिंह झाला दीपक नाईक और सतीश का धन्यवाद देना चाहती हुं। पति शोभित द्विवेदी ने बताया कि हम दो- तीन महीनों से अलग रह रहे थे। हमारे वकील साहब दीपक नाईक जी, सतीश जी ने हमको समझाइश दी और जज साहब ने कुटुम्ब को बचाने के लिए समझाया। लोक अदालत के द्वारा हमारा समझौता हो गया है और अब सुख समृद्धि के साथ परिवार चलाना चाहेंगे। परिवार में दो बेटियां है उन पर ज्यादा ध्यान देंगे जिससे की हम उनको सुरक्षित भविष्य दे पाए।

### नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरण

रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने बताया कि- इतिहास रचते हुए देवास जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में अभूतपूर्व 1307 लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ है। संपूर्ण जिले में गठित 40 न्यायिक खंडपीठों में न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में आपराधिक प्रकरण 503 ,मोटर दुर्घटना के 67, चैक बाउन्स 268, फैमेली मेटर्स 48, विद्युत के 207, श्रम के 10, विविध के 172, सिविल के 29, मनी रिकवरी के 3, कुल 1307, प्रकरण निराकृत हुए जिसमें राशि रू.14,41,62,405 के अवार्ड की गई एवं 3106 लोग लाभांवित हुए। निराकृत 67 क्लेम प्रकरणों में राशि रू 28397000 के अवार्ड आपसी समझौते के आधार पर पारित किए गए। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के 268 प्रकरण निराकृत हुए जिनमें 5,84,26,990 रूपये के चैकों की राशि में सेटलमेंट किया गया। 56,92,844 रूपये की राशि के 29 सिविल प्रकरणों का निराकरण हुआ। 2863 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें 2,33,56,805 रूपये राशि के अवार्ड पारित किए गए है एवं 2876 व्यक्ति लाभांवित हुए हैं।

# चापड़ा बागली मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, केबिन में फंसे चालक को डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद निकाला बाहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

चापड़ा-बागली मार्ग पर शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंस गया,जिसे डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 8893 बागली से चापडा की ओर आ रहा था।उसी दौरान सरिता वेयरहाउस के सामने अचानक से बकरियां सामने आ गई जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया।

अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित तीन बड़े खाकरे के पेड़ों को तोड़ते हुए पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि उसे देखकर हर कोई सकते में आ गया। ट्रक में लोहे की प्लेट भरी होने के कारण ट्रक के चारों पहिए ऊपर हो गए। नीचे केबिन में चालक बलराम माली निवासी हाटपिपल्या फंस गया। वहीं हेल्पर कांच फूटने के बाद खुद से बाहर आ गया। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा।

घटना स्थल के आसपास लोगों की भारी भीड़ जमा हो गईं। ट्रक हेल्पर गोविंद ने बताया कि वह बागली से चापडा की ओर आ रहे थे, तभी अचानक से बकरियां सामने आ गई, जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे में दो बकरियों की भी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव, थाना प्रभारी प्रदीप राय, कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ,पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे के दौरान मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

केबिन में फंसे चालक को बचाने के प्रयास के लिए तत्काल शासकीय अस्पताल से डॉक्टर की टीम को बुलाया गया जिनके द्वारा फंसे चालक का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान चालक को निकालने के लिए कई प्रकार के जतन किए गए। मौके पर गिरे पेड़ों को जेसीबी मशीन से हटाया गया। इसके बाद कटर मशीन से केबिन को काटा गया। वही क्रेन से पलटे ट्रक को उठाकर चालक को शाम 6 बजकर 20 मिनिट पर बाहर निकाला। लगभग डेढ़ घंटे तक चालक केबिन में फंसा रहा। वहीं मौके पर उपस्थित लोग उसका हौसला अफजाई करते रहे। इस दौरान गैस कटर व ग्राइंडर मशीन से केबिन को काटा गया।

ट्रक मालिक भी मौके पर पहुंचे और सभी के सहयोग से चालक को निकाला गया। हालांकि चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसके पैरों में गंभीर चोट आई है। तत्काल उसे प्राथमिक उपचार कर इंदौर के लिए रेफर किया गया। इस दौरान राहगीरों सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

# लोक अदालत में निगम के सर्वर डाउन होने से परेशान होते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर निगम पोर्टल का सर्वर डाउन हो गया, जिससे संपत्ति कर और अन्य बिल भरने आए सैकड़ों लोग घंटों तक कतारों में परेशान होते रहे। लोक अदालत वाले दिन शनिवार को सुबह 10 बजे के बाद ही नगर निगम पोर्टल के सर्वर डाउन हो गए। इससे संपत्तिकर और अन्य कर भरने के लिए पहुंचे लोगों को काफी परेशानी हुई। बिले भरने आए और निगम कर्मचारियों की बीच हुई बहस,लगाए आरोपलोक अदालत के दौरान निगम ने अपने बिलिंग काउंटर जिला न्यायालय में भी लगवाए थे। सर्वर डाउन होने के बाद कर्मचारी काउंटर से नदारद हो गए। जिसके बाद बिल जमा करने आए उपभोक्ता निगम अधिकारियों, कर्मचारियों पर जमकर बरसे। उपभोक्ताओं ने कहा कि आप यहां कमिश्नर साहब को बुलवा लीजिए। हम लोग परेशान हो रहे है यहां कोई सुनने वाला नहीं हैं। निगम सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं और निगम कर्मचारियों के बीच गहमा गहमी बढ़ गई। जिस पर एडीपीओ ऊदल सिंह मौर्य ने संज्ञान लेते हुए निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि जल्द से जल्द पोर्टल शुरू करें। उपभोक्ता एडवोकेट बुंदेल सिंह नरवरिया निवासी करौली नगर ने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम द्वारा बिलों में हेराफेरी की जा रही है। मुझे पहले 6 हजार का बिल दिया गया। उसके बाद 1400 रूपये का बिल दिया गया। जब एक वकील के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम आदमी के साथ क्या होगा। दरअसल निगम ने पुरानी बिल पद्धति को अपडेट किया है, ऐसे में पुराने पोर्टल से नए पोर्टल पर डेटा समायोजित नहीं हो पाया है, जिस कारण बिल भरने के बाद भी अपडेट नहीं हो पाता और नए बिल में जुड़कर उपभोक्ताओं का पिछला बकाया भी इंगित करता है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**बागली।** जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय गांवों में विकास और परिवर्तन की इबारत लिखने में सफल होगा। उक्त विचार सौब्ल्यापुरा क्लस्टर प्रशिक्षण में बीएमटी वारिस अली ने बताते हुए क्लस्टर अंतर्गत गांवों के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया। विस्तार से अभियान की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सभी की सहभागिता की अपील की। शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, महिला बाल विकास विभाग,वन विभाग, कृषि विभाग की ओर से भी क्लस्टर मास्टर ट्रेनरों ने भी विभागवार जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर सभी से शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जन की अपील की। समाज प्रगति सहयोग संस्था की ओर से धर्मेंद्र राजावत द्वारा भी मार्गदर्शन किया गया।

### सेवा पखवाड़े को लेकर भाजपा महाराजा मंडल की कार्यशाला आयोजित

# घर-घर जाकर लोगों को अभियान से जोड़ेंगे: जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी को लेकर भाजपा श्रीमंत महाराजा मंडल की महत्वपूर्ण कार्यशाला शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन पर्व के आगामी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए देवास विधानसभा संयोजक ओम जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं संगठन के आव्हान पर सेवा पखवाड़ा समाज सेवा, मानव कल्याण, और जनहित योजनाओं के कल्याण का पर्व है उन्होंने संबोधित करते हुए कहा भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को इस अभियान से जोड़ेंगे व समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा करने का लक्ष्य लेकर कार्य करेंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर, फल वस्त्र वितरण ,पेन कॉपी वितरण स्वच्छता अभियान ,पौधारोपण , और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, विजय सिंह पवार, कार्यक्रम प्रभारी अनूप सिंह सेंधव,महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश जी अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भारत चौधरी ,एम आई सी मेंबर गणेश पटेल ,धर्मेंद्र सिंह बैंस, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष जुगनू गोस्वामी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी, भाजपा के वरिष्ठ मिलिंद सोलंकी, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिरोलिया , महामंत्री रणदीप मल्होत्रा, हिमांशु राजोले ,उपाध्यक्ष गुरुदत्त शर्मा , संदीप रायकवार, यश ठाकुर, प्रेम बालोदिया, सत्यनारायण संघवी, निलेश मालवीय,विजेंद्र सिंह राजपूत, मंत्री संदीप विजवा, संतोष तिवारी, सारिका राय, अर्चना शर्मा, मनोज राय,अभिषेक गोस्वामी, जितेंद्र जायसवाल, गुणपाल सिंह पवार,धर्मेंद्र चंदेल, महेश विश्वकर्मा सुरेश टिकोलिया,महिला मोर्चा नेत्री माया तिवारी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मंडल महामंत्री रणदीप मल्होत्रा ने दी।

# गुराड़िया में खराब फसलों का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इस वर्ष भी सोयाबीन फसल से किसानों के हाथों निराशा ही लगती दिखाई दे रही है। फसल खराब होने के कारण वांछित उत्पादन नहीं निकल रहा है। हालांकि सरकार द्वारा सर्वे के आदेश दिए गए हैं और अधिकारी, कर्मचारी खराब सोयाबीन फसल का सर्वे भी कर रहे हैं, लेकिन सर्वे बाद किसानों को सही नुकसानी का मुआवजा मिल पाएगा या नहीं यह तो समय पर ही पता चलेगा, क्योंकि 2024 में भी यही हुआ था, 80% फसल खराब हुई थी और बीमा राशि सिर्फ नाम मात्र डाली गई थी। चापडा ,गुनेरा के किसानों को पिछले वर्ष की बीमा राशि अभी तक नहीं मिली। शुक्रवार को गुराड़िया कलां में खेतों में खड़ी फसलों की स्थिति का जायज़ा लेने पटवारी राजेश राजोरिया, पंचायत सचिव शोभाराम जाट, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोनू पाटीदार, उपसरपंच राजेंद्र गोठी सहित राजस्व विभाग की टीम ने सर्वे किया। इस दौरान खेतों में जाकर नुकसानग्रस्त फसलों की वास्तविक स्थिति देखी गई। किसानों ने बताया कि इस बार मौसम की मार, पिला मौजक वायरस और कीटों के प्रकोप के चलते फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। गाँव के किसानों ने उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवज़ा दिलाने की माँग की। सर्वे टीम ने किसानों को आश्वस्त किया कि नुकसान का संपूर्ण आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत राशि मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आपसी पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम पटसेमरा निवासी रिया पत्नी सक्षम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते गुरूवार को वह अपने घर से मौसी के घर मोहल्ला चौकाबाग अनौरा हाऊस के सामने जा रही थी, तभी ग्राम सलैया निवासी रोहित पटेल पुत्र जयराम व चढ़रऊ निवासी अनिकेत पटेल मिले और उसके पति सक्षम राजा का रास्ता रोकते हुये गालियां देने लगे। जब पति ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके पति के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। बीच बचाव करते समय जब उसने पति को बचाने का प्रयास किया तो उसे भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार उक्त लोग उसके पति से रंजिश रखते हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चार लड़कों ने मिलकर दुकानदार को पीटा

**ललितपुर।** नई बस्ती में रहने वाले सत्यम पुत्र स्व.अशोक जैन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे उसका भाई आशीष नझाई बाजार स्थित विद्युत विभाग के पास स्थित किराने की दुकान पर बैठा हुआ था, तभी फकीरे आढ़तिया की दुकान के पास चार अज्ञात लड़के उसके भाई से उधार सामान मांगने लगे। मना करने पर उक्त लड़कों ने उसके भाई के साथ बैशवॉल से मारपीट कर दी, जिससे उसके भाई को सिर व शरीर में कई जगह चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ओवरब्रिज के नीचे से बाइक चोरी

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मसौराखुर्द में रहने वाले मलखान कुशवाहा पुत्र रामदीन कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 सितम्बर को शाम करीब 4-5 बजे के मध्य वह नेशनल हाई-वे 44 कैलगुवां रोड तिराहा के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर मजदूरी कर रहा था। उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 आर 7036 को निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे खड़ी कर दिया था। आरोप है कि अज्ञात बदमाश उसकी मोटर साइकिल को कार्यस्थल से ही चोरी कर ले गये। उसने अपनी मोटर साइकिल की काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### कार सिपाही चालक पुलिस की गिरफ्त में

**ललितपुर।** विगत दिनों सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की एक्सीडेंट कर एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई थी कर कर को एक पुलिस चालक चला रहा था घटना को अंजाम देने वाले कार चालक को पुलिस ने धर दबोचा है। सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी थी। बताया जा रहा है कि एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने दर्ज एफआईआर के वांछित अभियुक्त सिपाही जिला औरैया के थाना औरैया अंतर्गत ग्राम नरोत्तम निवासी सचिन सिंह पुत्र रामसेवक जाटव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के गेट से धर दबोचा है। सिपाही सचिन को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महरौनी उ.नि. महेशचन्द्र, उ.नि.साबिर अली, कां.सचिन सैलानी, कां.दिलीप कुमार आदि शामिल रहे। एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि न्यायालय द्वारा आरक्षी को 14 दिन की रिमांड लेकर जेल भेजा गया है और आरक्षी सचिन सिंह को निलम्बित कर विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं।

### विश्व हिन्दू महासंघ ने अन्नपूर्णा में मनाया समाधि दिवस

**ललितपुर।** महंत अवैद्यनाथ सामाजिक समरसता के अग्रदूत रहे जिनका सामाजिक चेतना में अकथनीय योगदान दिया जो सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होने राम जन्मभूमि मुक्ति हेतु जो योगदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। विधायक ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ की स्मृति को स्थायी बनाए रखने के लिए ललितपुर जिला मुख्यालय पार्क बनाया जाएगा।

व्यापारी का अपहरण के प्रयास में वांछित तीन बदमाश दबोचे

# नाराहट व तालबेहट पुलिस को मिली सफलता, बदमाशों से हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आठ सितम्बर को व्यापारी का अपहरण करने का प्रयास किया गया था। प्रकरण में घायल व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मोटर साइकिल सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। दिन-दहाड़े घटी इस दुस्साहसिक घटना को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने इस प्रकरण के जल्द पटाक्षेप करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया था। नाराहट पुलिस ने शनिवार की सुबह मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पकडऩे में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीते सोमवार आठ सितम्बर को नाराहट क्षेत्रांतर्गत रहने वाले व्यापारी लक्ष्मीनारायण गुप्ता पुत्र स्व.पूरनचंद्र सुबह करीब 11.50 बजे अपनी दुकान पर जा रहे थे। लक्ष्मीनारायण ने बताया कि उन्हें रास्ते में मोटर साइकिल सवार दो बदमाश मिले, जिन्होंने दुकान से सामान खरीदने की बात कहते हुये उन्हें अपने साथ बैठा लिया और मोटर साइकिल को कस्बा की ओर मोड़ दी। जब उन्होंने विरोध किया तो बदमाशों ने गाड़ी की स्पीड़ बढ़ा दी, जिसे देखकर वह समझ गये और करीब 1 किमी दूर जाकर चलती हुयी बाइक से कूद गये, जिससे उनके पैर, हाथ व सिर में चोट आयी। व्यापारी ने यह भी आरोप लगाया था कि उक्त लोगों ने उन्हें कट्टा दिखाकर डराने का प्रयास भी किया। इस प्रकरण को लेकर नाराहट पुलिस ने लक्ष्मीनारायण गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 140 (3) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।



निवाड़ी के रहने वाले हैं तीनों बदमाश

एएसपी कालू सिंह ने अपना बयान जारी कर बताया कि व्यापारी लक्ष्मीनारायण गुप्ता के अपहरण का प्रयास करने के मामले में मुठभेड़ में पकड़े गये बदमाश मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नरेगा निवासी अजय आदिवासी, राज आदिवासी व मोनू आदिवासी बताये गये हैं। मुठभेड़ में अजय आदिवासी के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल है।

### शनिवार की सुबह हुयी मुठभेड़

दिन-दहाड़े नाराहट में व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया जाना मामूली बात नहीं थी। लिहाजा, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने प्रकरण की गंभीरता को समझते हुये अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। एसपी के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ के निकट पर्यवेक्षण में नाराहट पुलिस ने गश्त के दौरान तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।

### तालबेहट में हुयी मुठभेड़, तीन पकड़े

हाई-वे पर रेकी कर लूट, छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को तालबेहट पुलिस ने मुठभेड़ में धर दबोचा है। विगत दिनों पहले एक वृद्ध व्यक्ति जो बैंक से रुपये निकालकर जा रहा था से रुपये छीनकर भाग गये थे। पुलिस ने मुठभेड़ में म.प्र.जिला निवाड़ी के थाना पृथ्वीपुर अंतर्गत वार्ड नं.9 निवासी सुरेन्द्र पुत्र सरमन आदिवासी, कल्लू पुत्र चैनू आदिवासी व ग्राम नुरारा थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर निवासी अर्जुन पुत्र सीताराम को मुठभेड़ में धर दबोचा है। बदमाशों के पास से पुलिस ने एक देशी तमंचा, एक कारतूस खोखा व एक जिन्दा कारतूस, प्लेटिना मोटर साइकिल और 7520 रुपये बरामद किये हैं।

## मोहल्ला नेहरू नगर में चला विशेष साफ-सफाई अभियान



**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरूनगर जोन वन के वार्ड नम्बर 3 में नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में सफाई कर्मचारियों ने मोहल्ले में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया। कर्मियों ने विभिन्न गलियों में, सड़कों पर, नालियों में व खाली पड़े प्लाटों में साफ सफाई करते नजर आये व जगह जगह पड़े कूड़े कचरे को हाथ ठिलिया गाड़ी में भरते दिखाई दिये और खाली पड़े प्लाटों में पड़े कूड़े कचड़े की साफ सफाई करके खाली पड़े प्लाटों को साफ स्वच्छ किया गया। नालियों में पड़े कूड़े कचड़े की भी साफ सफाई की गई। नालियों में जमी सिल्ट को भी बाहर निकाला गया। स्वास्थ नायक ने मोहल्लेवासियों से अपील की है कि अपने घर से निकलने वाले कूड़े कचरे को जगह जगह सड़कों पर, नालियों में व खाली पड़े प्लाटों में न फेके अपने घर से निकले कूड़े कचरे को अपने डस्टबिन के डिब्बे में डालकर रख ले। जब नगर पालिका की कचड़ा गाड़ी आये तो उस डस्टबिन का कूड़ा कचरा उस गाड़ी में डाल दे, जिससे अपने मोहल्ले की सड़के, नाली, खाली पड़े प्लाट व शहर साफ स्वच्छ बना रहे।

### 22 सितम्बर से होगा श्री रामलीला का मंचन

**ललितपुर।** श्रीसिद्धपीठ लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में आगामी 22 सितम्बर से आयोजित होने वाली श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियों के लिए श्रीनृसिंह रामलीला समिति की बैठक महंत गंगादास महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें रामलीला को भव्यता प्रदान करने के लिए विचार विमर्श हुआ। महंत गंगादास महराज ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रासाचार पं.कुंजबिहारी शर्मा के निर्देशन में श्रेष्ठ पात्रों द्वारा प्रभु श्रीरामजी की लीला का मंचन किया जाएगा। 22 सितम्बर से शुरू होने वाली रामलीला 3 अक्टूबर तक चलेगी। बैठक में पदाधिकारियों एवं संभ्रान्त नागरिकों को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। उन्होंने शहर वासियों से रामलीला में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मुन्नालाल, प्रदीप चौबे, अजय तिवारी नीलू, सरदार बीके सिंह, राजीव बबेले सप्पू, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, कौस्तुब चौबे, नरेन्द्र कड़की सहित अनेक संभ्रान्त नागरिक मौजूद रहे।

## रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि ललितपुर नगर में पीडब्ल्यूडी द्वारा शहरी भाग में पानी की टंकी से घंटाघर, मवेशी बाजार होते हुए नेहरू महाविद्यालय तक रोड के चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें इस समय पानी की टंकी से जेल चौराहे की तरफ पुलिया तक रोड निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान मौके पर कसाई मंडी में भारी अतिक्रमण किया गया है। जो रोड के दोनों तरफ 55 फुट की सीमा अंदर प्रतीत हो रहा है। उक्त रोड की नाप करवाकर अतिक्रमण हटवाकर रोड निर्माण के साथ पटरी बनाकर एवं नाली निर्माण निर्धारित सीमा तक नाली निर्माण कराया जाए। जिससे अतिक्रमण हटने से शहर का ट्रैफिक भी सुगमता से निकल सके। इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, जिला सह संयोजक बृजेन्द्र सिंह गौर आदि के हस्ताक्षर है।

### जमीन छोड़ने की धमकी देते हुए हमलावर हुए लोगों पर एफआईआर

**ललितपुर।** कचहरी परिसर में चाय पी रहे युवक पर दबंगों ने अचानक से हमला कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये गांव में स्थित जमीन न छोडऩे पर उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण को लेकर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाले दीपक पाराशर पुत्र अशोक पाराशर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार को अपराह्न करीब 2.10 बजे वह कचहरी परिसर में चाय पी रहा था। तभी ग्राम रजवारा निवासी बाबूलाल कुशवाहा पुत्र बृजलाल अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और उसे गांव में स्थित जमीन छोडऩे की बात कहने लगा। विरोध करने पर उक्त दोनों लोग उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। शोरगुल होने पर वहां मौजूद ध्रुव सिंह व रूपचंद्र साहू ने किसी प्रकार उसे बचाया। दीपक पाराशर की तहरीर पर पुलिस ने बाबूलाल कुशवाहा व उक्त अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131 व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाथ के भोपाल से आएंगे वाटर प्रूफ तीनों पुतले

## दशहरा पर्व को लेकर तैयारी शुरू

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की एक बैठक मंत्री राकेश तामिया के आवास पर संपन्न हुई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी ने की। इस बार बारिश द्वारा कोई व्यवधान न पड़े, इसके लिए समिति ने यह निर्णय लिया कि रावण मेघनाथ व कुंभकरण के तीनों पुतले भोपाल से वाटर प्रुफ मांगाये जाएंगे। जिनका कार्य भोपाल के कारीगरों द्वारा वहां पर प्रारंभ कर दिया गया है। 30 सितंबर को श्रीसेतु बंध रामेश्वर मंदिर नदीपुल के पास सेतुबंध पूजन 5 बजे से होगा। 02 अक्टूबर को गोविंदनगर रामलीला मैदान पर रावण वध की लीला पत्रों के रोचक अभिनय के साथ खेली जाएगी। जहां रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया जायेगा। इस बार आतिशबाजी का विशेष प्रदर्शन बहुत ही आकर्षक ढंग से किया जाएगा। मैदान को सीसीटीवी कैमरा से भी लैस किया जाएगा। राघव लोक कला सोसाइटी द्वारा भी शिवलीला, कृष्ण लीला व राम लीला का नृत्य अभिनय भी रामलीला मंच से मंचन होगा। मैदान को आकर्षक लाइटिंग से सजवाया जाएगा। इस वर्ष एक विशेष धनुष बाण जो एक साथ 31 वाणों को छोड़ेगा, दिल्ली से एस्पेशली बनवाया जा रहा है। जो कि बहुत ही आकर्षक दिखाई देगा। पं.जगदीश पाठक की मधुर वाणी से राम चरित्र मानस का गायन होगा। नगर वासियों से दशहरा मैदान पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति द्वारा की गई है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.श्यामकांत चौबे, उपाध्यक्ष पं.राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, संयोजक जगदीश पाठक, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने किया।



## मंदिर की प्रशासनिक कमेटी बनाकर जमीनों की सुरक्षा किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम इमलिया स्थित मंदिर की जमीन से कब्जा हटवाये जाने के साथ-साथ प्रशासनिक कमेटी का गठन कर मंदिर प्रशासनिक कमेटी के संरक्षण में सुपुर्द किये जान की मांग उठायी गयी है। ग्राम मसौराखुर्द निवासी अखिलेश चौबे ने ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि रकवा नम्बर 572, 575, 576, 577, 578 जो कि इमलिया मंदिर में श्री रघुनाथजी के नाम दर्ज है।

बताया कि उक्त मंदिर की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया हुआ है और लेखपाल से सांठगांठ कर धोखाधड़ी से जमीन खुर्द-बुर्द करने की फिराक में हैं। अखिलेश चौबे ने बताया कि मंदिर की कोई कमेटी नहीं है, इसलिए मंदिर की जमीनों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। उन्होंने ऐसी स्थिति को मद्देनजर रखते हुये जिला प्रशासन से मंदिर की प्रशासनिक कमेटी गठित कर अवैध कब्जा करने वालों को वहां से हटाकर मंदिर की जमीन की सुरक्षा प्रशासनिक कमेटी से कराये जाने की मांग उठायी है। यह भी आरोप है कि अवैध कब्जा करने वाले लोग राजनैतिक, अपराधिक और दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं, इसलिए मंदिर की जमीन की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने दुकानदारों से की चर्चा

## कटरा बाजार में बनाए जा रहे शौचालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार द्वारा कटरा बाजार में बनाये जा रहे शौचालय एवं डिब्बा, खोखा रखकर व्यवसाय कर रहे दुकान व्यवसासियों को व्यवस्थित किये जाने हेतु निरीक्षण कर अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान सदर विधायक द्वारा व्यवस्थित किये गये दुकानदारों से वार्ता की गई, जिस पर उन्होंने समस्त दुकानदारों को आश्वासन दिया गया कि सभी दुकान व्यवसासियों के लिए पालिका द्वारा जगह चिन्हित करते हुए उन्हें व्यवस्थित किया जाएगा, उन्होंने कहा कि कटरा बाजार में शौचालय के अभाव में आमजन एवं दुकानदारों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते पालिका द्वारा शौचालय महिला एवं पुरूष शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, उन्होंने संबंधित अवर अभियंता को निर्देश दिये कि कराये गये कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रशासक द्वारा कहा कि जो भी दुकानदार दुकानों के आगे पालिका की सड़क, पटरी, नाली आदि पर अतिक्रमण किये हुए है वह अपने अपने अतिक्रमण को स्वतः ही हटा ले, इसके अलावा प्रशासक महोदय द्वारा डिब्बा खोखा रखकर व्यवसाय कर रहे दुकान व्यवसायियों से भी वार्ता की गई। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश जैन, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू आदि मौजूद रहे।

दस्तावेज देखे, अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## एसपी ने सदर कोतवाली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर व कार्यालय को देखा और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कोतवाली कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख- रखाव हेतु निर्देश देते हुये मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने साइबर हेल्प डेस्क में तैनात कर्मियों को प्रतिदिन साइबर से सम्बन्धित पोर्टल जैसे प्रतिबिम्ब, सुदर्शन पोर्टल आदि का क्रियान्वयन करने व साइबर के अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व कोतवाली स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण कर प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराधो पर नजर रखी जाय और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्यादा धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। एसपी ने कोतवाली क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। किसी भी दशा में अवैध शराब/अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उच्चतम न्यायालय के आदेश का किया स्वागत

## पन्द्रह मीटर से कम ऊंचे भवनों को फायर एनओसी से छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने हालिया आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों के भवनों की ऊंचाई 15 मीटर से कम है, उन्हें अब फायर विभाग से एनओसी (नो ऑफजेक्शन सर्टिफिकेट) लेना अनिवार्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय भवन संहिता (नेशनल बिल्डिंग कोड, 2016) के प्रावधानों के अनुसार, 15 मीटर से कम ऊंचाई वाले शैक्षणिक भवनों को फायर एनओसी की आवश्यकता नहीं है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस फैसले से देशभर के हजारों छोटे और मध्यम स्तर पर संचालित निजी विद्यालयों को राहत मिलेगी, जो अब तक फायर एनओसी को लेकर प्रशासनिक जटिलताओं और आर्थिक बोझ का सामना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह फैसला व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर लिया गया है और इससे ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों को बड़ी राहत मिलेगी। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा माननीय उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय शिक्षा जगत के लिए एक ऐतिहासिक राहत है। छोटे एवं मध्यम स्तर पर चलने वाले विद्यालय अब अनावश्यक प्रशासनिक बोझ से मुक्त होकर बच्चों की शिक्षा और विद्यालय की सुविधाओं पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। यह आदेश शिक्षा के अधिकार को और मजबूत करेगा तथा समाज के अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा। एसोसिएशन उच्चतम न्यायालय का आभार व्यक्त करता है और इसे एक सकारात्मक व दूरगामी प्रभाव वाला कदम मानता है।

टूरिज्म डेवलपमेंट के लिए तैयार करेंगे डीपीआर, पूर्व में भी हो चुके काम

# पर्यटन विकास को मिलेगी नई दिशा, विभागीय अधिकारियों ने किया प्रमुख स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ नरसिंहगढ़

ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों से समृद्ध नरसिंहगढ़ में पर्यटन विकास की संभावनाएं एक बार फिर दिखाई देने लगी हैं। शुक्रवार को पर्यटन विभाग भोपाल के एसडीओ अभिषेक गौड़ एवं सब-इंजीनियर कुलदीप राय ने नगर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। इसमें बड़ा महादेव, छोटा महादेव, हाथी कुंड, खजूर पानी, गुप्तेश्वर, करणी माता मंदिर, गणेश चौक पहाड़ी, हनुमानगढ़ी और किला क्षेत्र शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इन स्थलों पर मौजूद प्राकृतिक सौंदर्य को देखा और यहां सौंदर्यकरण ओर पर्यटकों की सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्माण- विकास कार्य करवाये जाने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी, जिसमें जीर्णोद्धार ,सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, सीढ़ियां, विश्राम स्थल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का समावेश होगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, उपाध्यक्ष दिनेश नागर, विभोर वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।



**इनका कहना है...**

हमारे शहर और आसपास क्षेत्र में पर्यटन की खासी संभावनाएं हैं। यहां पर्यटन विकास को लेकर हम लगातार प्रयासों में लगे हैं। पूर्व में भी पर्यटन विभाग ने यहां करोड़ों के काम कराए हैं। वहीं वर्तमान में पर्यटन विकास के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

**मोहन शर्मा, विधायक नरसिंहगढ़**

## पर्यटन गतिविधि को ध्यान में रखकर बनेंगी योजनाएं

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भी शहर में पर्यटन की संभावनाओं पर गौर किया। यहां की ऐतिहासिक धरोहरों, स्थलों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि यहां की प्राकृतिक घाटियां, झरने, तालाब और धार्मिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यदि विभाग द्वारा सुविधाओं का विस्तार किया जाता है तो आने वाले समय मे शहर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शुमार हो सकता है।

### विधायक शर्मा ने शुरू की पहल

शहर में पर्यटन विकास के लिए विधायक मोहन शर्मा भी प्रयासों में लगे हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नरसिंहगढ़ को पर्यटन नगर का दर्जा दिलाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने भी इस दिशा में सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसी के चलते शहर में पर्यटन विकास की गतिविधियां बढ़ती दिख रही हैं।

बोले-हमारे बच्चों पर पड़ रहा गलत असर

# सलाई ग्राम में बढ़ते देह व्यापार से आक्रोशित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** नरसिंहगढ़ क्षेत्र का ग्राम सलाई सालों से देह व्यापार का बड़ा अड्डा माना जाता है। अब तो इस गांव के कुछ घरों के साथ-साथ यह धंधा करने वाली कथित महिलाओं ने हाईवे पर ही मकान बनाकर खुलेआम वैश्यावृत्ति शुरू कर दी है। सलाई के आसपास के ग्रामीणों द्वारा पूर्व में इस बारे में नरसिंहगढ़ एसडीएम, पुलिस थाने में कई बार शिकायतें दर्ज करवाई लेकिन जिस्मफरोशी का अवैध धंधा बदस्तूर जारी है।

इसी बात से आक्रोशित सलाई के आसपास के ग्रामों में निवासरत गुर्जर समाजजन सहित अन्य समाजों के अनेकों लोग शुक्रवार को कलेक्टेट पहुंचे। ग्रामीणों ने उक्त समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि सलाई में जिस्मफरोशी के लिए बाहर से नाबालिग लड़कियां बुलवाई जा रही हैं और भोपाल सहित अन्य शहरों के लोग यहां आ रहे हैं।

### बच्चों, बहन-बेटियों पर पड़ रहा गलत असर

ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा होने से हमारे बच्चों और गांवों के माहौल पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सलाई में वैश्यावृत्ति के कारण आसपास के गांवों के लोगों से अन्य स्थानों के लोग शादी-ब्याह, रिश्तेदारी करने में भी परहेज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सालों से इस धंधे में लिप्त महिलाओं को या तो अन्यत्र शिफ्ट करवा दिया जाए या पूरी तरह से इस पर पाबंदी लगा दी जाए। अगर प्रशासन द्वारा इस मसले पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो ग्रामीणों को आंदोलन, प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के आयुक्त से मिली टीम जंप




**कुरावर।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जंप के प्रांताध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना शुक्रवार को अपनी टीम के साथ मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के नवागत आयुक्त दीपक सक्सेना से सौजन्य भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी हेतु बधाइयाँ प्रेषित की। जनसंपर्क संचालनालय में गुलदस्ता भेंट कर अपने साथियों डॉ नवीन आनंद जोशी, अध्यक्ष मप्र प्रेस क्लब, राकेश सक्सेना प्रान्तीय उपाध्यक्ष जंप, राव भूपेंद्र सिंह संभागीय अध्यक्ष भोपाल, अभिलाष तिवारी साधना न्यूज, नितेश सक्सेना कुक्कु, डाली शाक्य से परिचय कराया। इस अवसर पर पत्रकारों के सवाल के उत्तर में सक्सेना ने बताया कि अभी हमने जॉइन किया है। शीघ्र ही सभी नीतियों को समझकर शासन की मंशानुरूप कार्य करेंगे। जनसंपर्क और मीडिया के समन्वय से सार्थक परिणाम आयेंगे।

# 6 दिन से लापता व्यक्ति का शव नदी किनारे मिला

हरिभूमि न्यूज ⏩ सारंगपुर

नगर में पिछले छह दिनों से लापता एक व्यक्ति का शव गुरुवार को कालीसिंध नदी किनारे मिला। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-2 निवासी 40 वर्षीय अमीन शाह 5 सितंबर से घर से लापता था। गुरुवार शाम उसका शव इंडोर स्टेडियम के पीछे स्थित नाले में कालीसिंध किनारे मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान परिजनों ने कपड़ों से की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाल मित्र योजना व बाल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कालापीपल






शनिवार को मध्यप्रदेश पुलिस सामुदायिक पुलिस योजना के अंतर्गत बाल मित्र योजना व बाल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन पुलिस थाना कालापीपल में किया गया। इस विशेष आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकार, कर्तव्य, सुरक्षा उपाय व कानूनी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपनी सुरक्षा के साथ-साथ कानून की समझ भी प्राप्त कर सकें। थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत ने बच्चों को नाबालिकों के साथ होने वाले अपराध, उनकी रोकथाम व ऐसे समय में पुलिस से संपर्क करने के उचित तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

इस दौरान उप निरीक्षक सुनीता मेवाड़ा ने बालिकाओं को महिला हेल्प डेस्क की उपयोगिता के बारे में समझाया, जिससे वे किसी भी समस्या के समय निर्भय होकर सहायता प्राप्त कर सकें। सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने थाने में चल रही विभिन्न गतिविधियों को देखा और पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित हुए। बच्चों ने पुलिस अधिकारियों से संवाद किया और अपने सवाल भी पूछे, जिससे उनके मन में कानून और पुलिस के प्रति विश्वास व समझ विकसित हुई। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस विभाग यह सुनिश्चित कर रही है कि बच्चे अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें तथा समाज में सुरक्षित व समर्पित नागरिक के रूप में विकसित हों।

# उपहार पाकर बच्चों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान



**माचलपुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 सांदीपनि सीएम राइज केम्पस-2 के बच्चों के लिए जिला कलेक्टर ने भेजा उपहार। स्कूल चलें अभियान अन्तर्गत जिला राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरिश कुमार मिश्रा द्वारा पूरे जिले में जिला उपहार योजना बनाकर नव प्रवेशी कक्षा-1 के बच्चों के लिए बस्ता प्रदान किया। विद्यालय तक बच्चों को लाकर उनके नियमित स्कूल आने, अध्यापन के प्रति रोचकता जागृत करने की दिशा में यह प्रयास जन जाग्रति का काम कर रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में नामांकन बढ़ाकर अपनी पहचान बढ़ाने वाला विद्यालय शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 को उपहार मिला।

# श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा के प्रथम दिवस निकाली कलश यात्रा

अंजनीलाल समिति द्वारा खिलचीपुर नाके स्थित पार्क में करवाया जा रहा आयोजन

**राजगढ़।** श्री अंजनीलाल लाल युवा उत्सव समिति एवं अमरसिंह यादव फैंस क्लब के तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में 12 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित इस कथा में शाजापुर के संत कथावाचक शुभम शर्मा भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।

कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को आयोजकों सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा स्थानीय पारायण चौक से कथा पांडाल तक एक विशाल कलश यात्रा का आयोजन करवाया गया। मेन मार्केट, जय स्तंभ चौराहा, नाका नंबर-3, बाईपास होते हुए कलश यात्रा कथा परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। समिति के सदस्यों ने कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आरंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। कथा के पहले दिन व्यासपीठासीन संत शर्मा ने भागवत कथा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।




### पारायण चौक में भी चल रही कथा

इसी कड़ी में गीता मानस प्रचार समिति में भी गत 8 सितंबर से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा प्रवक्ता संत संदीप उपाध्याय द्वारा भक्तों को कथा का रसपान करवा रहे हैं। आयोजक मोहन मेवाड़े, जुगल किशोर मेवाड़े, योगेश मेवाड़े एवं परिवार द्वारा उक्त कथा आयोजित करवाई जा रही है जिसका समापन 14 सितंबर को होगा।

# एसडीएम ने अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को लेकर अनेक योजना लागू की गई, जो कि स्थानीय अस्पतालों के माध्यम से अस्पताल आने वाले हितग्राहियों को मिले। अस्पताल में निःशुल्क जांच एक्सरा सोनोग्राफी पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से सुविधा संचालित हो रही हैं या नहीं। इसी को ध्यान में रखकर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने सारंगपुर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी पर्ची केंद्र, लैब, सीसीटीवी कैमरे तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में जाकर बच्चों के अभिभावको से भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित चर्चा की एवं स्टॉप से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ओपीडी सहित लैब में अपार आईडी बनाने को लेकर समय बढ़ाने के निर्देश के साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के आसपास सफाई कराने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय समिति की बैठक का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ शाजापुर

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला दावा आपत्ति निराकरण समिति अध्यक्ष बीएस सोलंकी की अध्यक्षता में एकीकृत बाल विकास परियोजना कालापीपल, पोलायकला एवं शुजालपुर के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के दावा आपत्ति निराकरण के लिए शनिवार को जिला पंचायत सभागृह में जिला स्तरीय समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड स्तरीय समिति द्वारा जारी अनंतिम सूची के विरुद्ध प्राप्त आपत्ति एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदकों द्वारा दर्ज की गई। जिला स्तरीय समिति द्वारा आपत्तियो के विधिसम्मत निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति सदस्य पवित्रा बाई चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनोनीत सदस्य सुंदर बाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं सचिव संजय त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी सदस्य ललित कुमार राठौर (एकिकृत बाल विकास परियोजना कालापीपल, पोलायकला एवं शुजालपुर) एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कर्मचारी उपस्थित थे।

# भागवत कथा श्रवण से पुण्य की प्राप्ति : पं. अनुराग शर्मा



**जीरापुर।** नगर के अटल चौक में सोनी समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित भागवत कथा में पं. अनुराग शर्मा आचार्य ने बताया कि भागवत माता की कथा में अनेकों पवित्र कथाओं का वर्णन होता है जिसके श्रवण से भगवान की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सारगर्भित वर्णन कर बताया कि बाल कृष्ण ने बाल लीलाओं में कालिया नाग का संवार किया। राक्षस को मारकर भक्ति मार्ग प्रशस्त किया कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बचपन की माखन चोरी, यमुना नदी में नहाने की लीला और उनके मित्रों के साथ खेलने के प्रसंग को बताया। पूतना वध याने पूतना नामक राक्षसी का वध किया था, जो उन्हें मारने के लिए आई थी। उनकी माता यशोदा के प्रति उनके प्रेम का वर्णन होता कृष्ण और बलराम का प्रेम और मित्रता। इस अवसर पर अटल चैक में अटल प्रतिमा पर बुधवार को पं अनुराग शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष शामिल होकर संगीतमय भजनों पर झूमे कर ईश्वर भक्ति में लीन हो रहे हैं।

अचानक की गई ब्लास्टिंग से घरों में आकर गिरे 30 से 40 किलो वजनी पत्थर

# सुरक्षा मानकों को ठेंगा दिखाकर रेलवे कर रहा ब्लास्टिंग, एसडीएम पहुंचीं

## मकानों की दीवारों में पड़ी दरारें, गैलरियां टूटी, गनीमत से बची जनहानि

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

भोपाल-रामगंज प्रोजेक्ट के तहत मुख्यालय समीपस्थ पाटन रोड पर रेलवे लाइन का कार्य दुरत गति से जारी है। लेकिन, कार्य को शीघ्र निपटाने के चक्कर में रेलवे द्वारा निर्धारित एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा सुरक्षा मापदंडों को ताक पर रखकर रहवासियों बस्तियों, कॉलोनियों के समीप कभी ब्लास्टिंग की जा रही है। रेलवे की लाइन डालने हार्डरॉक (कठोर पत्थरों) को तोड़ने शुक्रवार को गई ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि 10 से 30 किलो तक के पत्थर हेडगेवार कॉलोनी, सिविल लाइन कॉलोनी तक पहुंच गए। ब्लास्टिंग की अत्यधिक तीव्रता और पत्थरों मकानों के टकराने से लोगों के घरों की दीवारों में दरारें पड़ गई यहां तक की मकानों की गैलरियां तक टूट गईं। गनीमत यह रही कि ब्लास्टिंग के पत्थरों से कोई जनहानि नहीं हो पाई। बगैर सूचना अचानक की गई इस ब्लास्टिंग की तेज आवाज और पत्थरों दनादन घरों, सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरने की घटना से कॉलोनीवासी सकते में आ गए। इस दौरान आसपास टहल रहे लोगों और सड़क क्रॉस रहे कॉलोनीवासियों सहित अन्य लोगों ने यहां-वहां छिपकर अपनी जान बचाई।



### शिकायत मिलने पर तुरंत पहुंचीं एसडीएम

रेलवे के ठेकेदारों की मनमानी और रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी की शिकायत मिलने पर एसडीएम निधि भारद्धाज तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय रहवासियों ने एसडीएम को अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि ब्लास्टिंग के कारण कॉलोनी तक पहुंच रहे बड़े-बड़े पत्थरों से किस तरह जैसे-तैसे उन्होंने अपनी जान बचाई है। कॉलोनी के लोगों ने समीप के मंदिर परिसर और एक घर के आंगन में गिरे 30 से 35 किलो के पत्थर को भी एसडीएम को दिखाया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से मकानों में हुए नुकसान का मुआयना भी उन्हें करवाया गया। एसडीएम भारद्धाज ने हकीकत जानने के बाद तुरंत रेलवे के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को मौके पर तलब किया।

### जब्त किए रजिस्टर और रिकार्ड

इस दौरान एसडीएम ने रेलवे के ठेकेदार एवं अधिकारियों से जब ब्लास्टिंग से संबंधित कागजात, पेपर्स इत्यादि मांगे तो वह रिकार्ड भी आधा-अधूरा पाया गया। इस पर उन्होंने सभी रजिस्टर जब्त करते हुए हिदायत दी कि बगैर सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे एवं आमजनों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मापदंडों के पूर्ण किए बगैर ब्लास्टिंग न की जाए।

### 27 अगस्त को चार पहियों वाहनों में हुआ था नुकसान

रेलवे के अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा गैर-जिम्मेदाराना रवैये की जा रही ब्लास्टिंग का यह पहला मामला नहीं है। बीते महीने 27 अगस्त को बगैर सूचना के की गई ब्लास्टिंग से हेडगेवार कॉलोनी के चार व्यक्तियों की कारों के फ्रंट एवं डोर ग्लास फूट गए जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से उछटकर कॉलोनी तक पहुंचे बोल्डर, पत्थर लोगों की घरों की छतों और मकानों के अंदर तक जा पहुंचे। ईश्वरीय कृपा से उस समय भी जनहानि होने से टल गई।